










# हनुमान जयंती के लिए सज रहे मंदिर, दिन रात तैयारियाँ

रविन्द्र सिंह चौहान

**ग्वालियर 28 मार्च.** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक सभी छोटे बड़े मंदिरों में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रहीं है। कुछ प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है जिनमें

**खेड़ापति मंदिर में बनारस से आएंगे विद्वान, कराएंगे अभिषेक, बैंडबाजों के साथ मनेगा हनुमान जन्मोत्सव**

मंशापूर्ण हनुमान, खेड़ापति हनुमान, बांकड़े हनुमान, धुंआ के हनुमान, गरगज के हनुमान मंदिर शामिल हैं

गांधी नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में 1 अप्रैल को शाम 7:30 से रात 11 बजे तक 5 क्विंटल दूध से अभिषेक किया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर में फलों की सजावट की जाएगी। 2 अप्रैल को सुबह 5 बजे बैंडबाजे के साथ आरती होगी व हनुमान जी का जनमोत्सव मनेगा। फूलबंगला सजा कर 56 प्रकार का भोग भी लगाया जाएगा।

**धुंआ के हनुमान मंदिर की खास बात-** घाटीगांव के पास धुंआ गांव में स्थित धुंआ वाले नाम से प्रसिद्ध हनुमान मंदिर है। पीठाधीश कहते है कि यहां मंदिर में चमत्कारी शक्ति के कारण श्री हनुमान जी की प्रतिमा दिन में तीन रूप धारण करती है। सुबह बालपन, दोपहर में बाहुबली, शाम को यह मूर्ति वृद्ध रूप में नजर आती है। यह विशेषता अनोखी हैं। यह मंदिर लगभग 400 से 500 साल पुराना है और इसकी स्थापना दौलत राव सिंधिया ने करवाई थी। मंदिर की एक विशेषता यह है कि इसमें कोई परिक्रमा मार्ग नहीं है और भगवान हनुमान की प्रतिमा स्वाभाविक रूप से वहां मौजूद थी। धुंआ वाले हनुमान जी का मंदिर शहर से लगभग 56 किलोमीटर दूर है और वहां पहुंचने में 1 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। भक्त वहां टैक्सी या ऑटो रिक्शा लेकर मंदिर में दर्शन करने पहुँचते है। इस मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा स्वयंभू है, यानी इसकी स्थापना किसी व्यक्ति द्वारा नहीं की गई थी। यह मंदिर (प्रतिमा के 3 रूप बदलने पर) इस अनोखी विशेषता और आध्यात्मिक ऊर्जा के कारण श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**क्यों कहते है गरगज के हनुमान, किसने की स्थापना-** बादलों में भीषण गर्जना के साथ अमरा पर्वत का आधा हिस्सा कटकर नीचे गिर गया था जिसके बाद यह प्रतिमा स्वयंभू प्रकट हुई थी। इस कारण यह सिद्ध स्थान गरगज के हनुमान मंदिर नाम से जाना जाता है। लगभग 250 साल पुराने इस प्राचीन और चमत्कारी मंदिर में लगातार 5 मंगलवार दर्शन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऊंची पहाड़ी पर स्थित होने के कारण यहां से आधे ग्वालियर शहर का विहंगम दृश्य दिखाई देता है खासकर रात में यहां का नजारा देखने योग्य रहता है।ऐसा माना जाता है कि सिंधिया शासकों (महाराजा जनकोजीराव सिंधिया) ने इस मंदिर की स्थापना की थी। हनुमान जयंती बाले दिन भक्त सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगेंगे, यह सिलसिला रात तक चलता रहेगा। मंदिरों में हनुमान जी की आराधना, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन होंगे। जगह-जगह शर्बत,फल,लस्सी भी बांटी जाएगी एवं भंडारे के आयोजन भी किये जाएंगे।




खेड़ापति हनुमान



धुंआ के हनुमान



गरगज के हनुमान



मंशापूर्ण हनुमान

### इनका कहना है...



मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में फूलबंगला सजाकर 56 भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया जाएगा मंदिर में 26 साल से अखंड रामायण पाठ चल रहा है। जो आज भी नियम अनुसार हो रही है।

**संतोष दुबे, पुजारी-मंशापूर्ण मंदिर**



ग्वालियर में हनुमान जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाती है हमारे जिले में ऐसे कई चमत्कारी हनुमान मंदिर है जिनके बारे में कई भक्तों को पता नहीं है हम हर साल परिवार के साथ धुंआ बाले हनुमान मंदिर जाते है वहां जाकर मन शांत हो जाता है और आंख बंद करके वहाँ खड़े रहने पर आभास होता है कि मानो हनुमान बाबा साक्षात इस परिसर में हों.

**पदम शर्मा (टिंकू महाराज), पुजारी- खेड़ापति मंदिर**



इस साल हमने 11 विद्वान बनारस से बुलवाए है जो 5 क्विंटल दूध से हनुमान जी का अविषेक करेंगे. हनुमान जयंती पर लोगों में बहुत उत्साह देखा जा रहा है हर साल ढाई क्विंटल दूध का अविषेक होता था इस वर्ष दूध की मात्रा डबल कर दी है मंदिर में लाइटिंग से लेकर फूलबंगला और अन्य सभी तैयारियां रात दिन जोरो पर हो रहीं है.

**प्रियंका राजावत-भक्त, पिंटू पार्क**



हनुमान जयंती पर खेड़ापति मंदिर में बहुत अच्छा डेकोरेशन होता है सुबह से शाम तक मंदिर परिसर जय श्रीराम की आबाज से गूंजता रहता है हमारा घर मंदिर के सामने ही बना है हमें तो प्रति दिन बाबा की आरती और मंदिरों की घंटियां सुनाई देती है यह सुनकर हमें बहुत सुखद अहसास होता है.

**नीरजा विश्वकर्मा, गांधी नगर**



# पार्षद महेंद्र आर्य ने लगवाए 2 वाटर कूलर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** विधान सभा पूर्व के जनसेवक ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में अब पढ़ने बाली भीषण गर्मी को देखते

**क्षेत्रीय जनता की मांग पर हुआ सराहनीय कार्य**

हुए वार्ड 16 के क्षेत्रीय पार्षद महेंद्र आर्य द्वारा अपनी पार्षद निधि से क्षेत्रवासियों को वाटर कूलर की दो सौगातें प्रदान की गईं। एक वाटर कूलर न्यू रेशम मिल प्रगति नगर मंदिर में तथा दूसरा क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 5, कमेटी हॉल जनहित केंद्र पर स्थापित किया गया।इस शुभकार्य के दौरान क्षेत्रवासी व हनुमान मंदिर के पुजारी सुरेश पांडे ,मुन्ना सिंह तोमर, रमेश सिंह तोमर, सचिन सिंह सिकरवार, ओमवीर सिंह परमार,सूरजपाल सिंह कुशवाहा, सोनल सिंह भदौरिया एवं क्षेत्र की सभी माता बहनें उपस्थित रहीं

इस जनहितकारी कार्य के लिए क्षेत्रीय जनता ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्षद का हृदय से आभार प्रकट किया।



### आत्म ज्योति आश्रम में किया भोजन वितरण

**ग्वालियर .**खंडेलवाल वैश्य धर्मशाला निर्माण समिति द्वारा शनिवार को आत्म ज्योति आश्रम में एक प्रेरणादायक सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत दृष्टिहीन बालिकाओं के बीच प्रेमपूर्वक भोजन एवं मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि समिति के सदस्यों ने बालिकाओं के साथ बैठकर आत्मीयता से भोजन कराया और उनके साथ समय व्यतीत करते हुए संवाद स्थापित किया। इस दौरान वातावरण स्नेह, अपनत्व और संवेदनशीलता से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष लवी प्रकाश खंडेलवाल, प्रचार मंत्री चंद्र प्रकाश खंडेलवाल, वरिष्ठ सदस्य सतीश खंडेलवाल, दीपक खंडेलवाल एवं राजेश धमानी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गौमाता की दुर्दशा पर पंडित शुभम अग्निहोत्री भावुक हो गए

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** तानसेन नगर के रमटापुरा स्थित सहयोग गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मथुरा से पधारे कथावाचक पंडित शुभम अग्निहोत्री ने आज कथा में गौमाता की दुर्दशा पर अपने भाव प्रकट करते हुए उस समय भावुक हो गए ,जिस समय उन्होंने गौमाता के विषय में चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं गौमाता का पालन किया । इसलिए उनका नाम गोपाल पड़ा। कन्हैया के हजारों नाम हैं और उनमें से एक उनका नाम गोपाल है। गौमाता में सूर्य, चन्द्र, मंगल,बुध, गुरु,शुक्र,शनि, राहु, केतु नौ ग्रहों का निवास है। गौमाता में तैंतीस कोटि देवी देवताओं का



निवास है। यहां तक कि लक्ष्मी जी का भी निवास है। परन्तु जब गौमाता दूध देना बंद कर देती हैं या बूढ़ी हो जाती हैं, असहाय हो जाती हैं, बीमार हो जाती हैं तो गौमाता का पालन करने वाले उनको सड़कों पर छुट्टा छोड़ देते हैं।भूख से व्याकुल हो गौमाता कचड़े के ढेर में अपना भोजन ढूंढ़ने को मजबूर हो जाती हैं। सड़कों पर प्रतिदिन हजारों गौमाता वाहनों से चुटैल और घायल हो जाती हैं। प्रश्न यह उठता है कि आखिर कार में गौमाताएं हैं किसकी ? सड़कों और गलियों में ये गौमाताएं आती कहां से हैं? इसका कौन है जिम्मेदार ? पहले के समय में हमारे घरों में पहली रोटी गौमाता की, दूसरी रोटी अग्नि देवता की और अन्तिम रोटी कुत्ते के लिए निकाली जाती थी।आज घरों में न तो पहली रोटी गौमाता की निकलती है,न अग्नि देवता की और न कुत्ते की। गौमाता की रोटी न निकलने से हमारे देवता प्रसन्न नहीं होते हैं। अग्नि की रोटी न निकलने से घर में बीमारियों की भरमार रहती है और अन्तिम रोटी कुत्ते की रोटी भी जो खा जाता है वह अगले जन्म में कौन बनेगा स्वयं समझ जाओ। इसलिए मेरा आग्रह है कि इन तीनों रोटियों को अपने घरों में निकालना प्रारम्भ कर दो। निश्चित रूप से आपके घरों में खुशहाली आएगी।अन्त में गुप्ता परिवार और समस्त भक्तों ने भागवत पुराण की आरती उतारी।

# झांसा देकर महिला से ठगे 2 .50 लाख

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर साइबर ठग ने एक महिला से ढाई लाख रुपए लिए ठग लिए। रुपए सिक्योरिटी मनी के नाम पर जमा कराए गए और कहा गया कि 2000 टास्क पूरा होते ही यह डबल होकर मिलेंगे। लेकिन टास्क पूरा करने के बाद भी जब घेला तक नहीं मिला तो पीड़िता शुक्रवार को क्राइम ब्रांच थाने पहुंची थाने पहुंची और पूरी घटना से अवगत कराया। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। रिचा जैन 40 वर्ष पत्नी अमन जैन निवासी बैंक कॉलोनी नई सड़क को इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन जॉब करने का ऑफर मिला। ऑफर देने वाले ने बताया कि टास्क दिए जाएंगे, जिसे पूरा करने पर राशि दो गुना हो जाएगी। रिचा जैन इस झांसे में आ गई और ऑनलाइन जॉब के लिए ढाई लाख रुपए सिक्योरिटी राशि जमा कर दी। जॉब का ऑफर देने वाला साइबर ठग यही कहता रहा कि जैसे ही टास्क पूरा हो जाएगा वैसे ही ढाई लाख के पांच लाख रुपए हो जाएंगे।

टास्क पूरा करने के बाद जब रिचा जैन ने रुपए वापस मांगे तो हाथ कुछ नहीं लगा। ढाई लाख रुपए गंवाने के बाद रिचा जैन को अहसास हुआ कि उनके साथ तो सरासर घोखाधड़ी की गई है तो वह क्राइम ब्रांच के पास पहुंची और शिकायती आवेदन दिया। आवेदन पर जांच शुरु की गई तो क्राइम ब्रांच की टीम को पता लगा कि रुपए तमाम खातों में पहुंचे हैं।

# प्रभु श्रीराम जी का जीवन हमें धैर्य, विवेक और सत्यता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है - आदर्श दीदी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा माधवगंज स्थित प्रभु उपहार भवन में राम नवमी के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसका दर्शन लाभ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी ने सभी को श्रीराम नवमी की शुभकामनाएँ दीं। और कहा कि हम सभी प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव /अवतरण दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाते आ रहे है। कार्यक्रम में राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य जीवनभर धन और प्रतिष्ठा अर्जित करता है, लेकिन अंततः उसके साथ केवल उसके श्रेष्ठ कर्म और संस्कार ही जाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कु. आस्था, टिया, एनी, पिहू, रिया, विवेक, ध्रुव आदि बच्चों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# तीन दिवसीय अग्नि सुरक्षा मेला आज से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** ग्वालियर जिले को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में तीन दिवसीय अग्नि सुरक्षा मेला लगाया जा रहा है। 29 मार्च को सायंकाल 5.30 बजे अग्नि सुरक्षा मेले का शुभारंभ होगा। यह मेला 31 मार्च तक लगा रहेगा। मेले में अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिये अग्नि सुरक्षा यंत्रों का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न उपकरण भी खरीदे जा सकेंगे। अग्नि सुरक्षा मेले में विशेषज्ञों द्वारा अग्निशमन यंत्र चलाने की बारीकियां भी नागरिकों को सिखाई जायेंगीं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अग्नि दुर्घटनाओं से जिले को सुरक्षित करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे इस मेले का लाभ उठाने की अपील ग्वालियर शहर

**अग्नि सुरक्षा उपकरणों का होगा प्रदर्शन व विक्रय**

**अग्नि सुरक्षा उपकरण चलाने की बारीकियां भी समझाई जायेंगी**

सहित सम्पूर्ण जिलेवासियों से की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा मेले के संबंध में अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न व्यवसाइयों, संस्थानों, पेट्रोल पंप संचालकों, पटाखा विक्रेताओं सहित अधिक से अधिक नागरिकों को इसकी जानकारी देने के निर्देश भी दिए हैं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में 29, 30 व 31 मार्च को लगने जा रहे अग्नि सुरक्षा मेले में ग्वालियर जिले के साथ ही अन्य शहरों से अग्नि सुरक्षा उपकरण विक्रय करने वाले एवं विषय विशेषज्ञों को बुलाया गया है। नागरिकों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देने के साथ-साथ उनका उपयोग किस प्रकार किया जाता है, इसके बारे में विशेष रूप से बताया जायेगा। समाज के सभी वर्गों से इस महत्वपूर्ण मेले में सहयोग करने और अपने जिले को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने की अपील की गई है।

अग्नि सुरक्षा मेले में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के स्टॉल लगाने के लिये कोई भी वेंडर नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर (मोबा. 8839263190) एवं निगम के फायर ऑफीसर श्री उमंग (मोबा. 8878432178) से संपर्क स्थापित कर स्टॉल लगाने की सहमति प्राप्त कर सकता है।

कलेकटर श्रीमती रुचिका चौहान ने होमगार्ड कमांडेंट को भी निर्देशित किया है कि ग्वालियर जिले में अग्नि दुर्घटनाओं की सुरक्षा के लिये तैयार किए गए वॉलेन्टियरों को भी इस मेले की गतिविधियों से जोड़ा जाए। साथ ही समाज के सभी वर्गों को इस मेले से जोड़कर जिले को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने के सार्थक प्रयास किए जाएं।

# 5वे वित्त आयोग से 22 विकास कार्यों के लिए 1 .19 करोड़ रुपए स्वीकृत


नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 22 विकास कार्यों के लिए 01 करोड़ 19 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

**जले के विभिन्न गाँवों में कराए जायेंगे विकास कार्य**

की गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 15वे वित्त आयोग के तहत उपलब्ध कराई गई धनराशि से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने यह प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

इस राशि से ग्रामीण क्षेत्र में नाली निर्माण, आश्रय भवन, नाला गहरीकरण, चौपाल, चैकडेम, विवाह घर, नाला निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। जिन ग्राम पंचायतों में यह विकास कार्य मूर्तरूप लेंगे, उनमें जनपद पंचायत घाटीगाँव की ग्राम पंचायत लखनपुरा, निरावली, मिलावली, कुलैथ, ओड़पुरा व जिगसौली शामिल हैं। इसी तरह जनपद पंचायत डबरा के अंतर्गत इकौना, सरनागत, लोहगढ़ व जनकपुर, जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरौल, सरनागत, पचौरा, अमरौल, मैना व ररूआ एवं जनपद पंचायत मुरार की ग्राम पंचायत जग्गूपुरा व दंगियापुरा में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं।




# कावेरी वेलफेयर ने अस्पताल में नवजात शिशुओं को भेंट किए वस्त्र

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मार्च.** धर्म और सेवा के संगम के साथ रामनवमी पर शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कमलाराजा अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। नवजात शिशुओं की त्वचा अत्यंत संवेदनशील होती है, इसलिए उन्हें आरामदायक सूती वस्त्र उपलब्ध कराना प्राथमिकता रही। वितरण के साथ-साथ संस्था ने माताओं को शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया।



कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में सेवा और सहयोग की एक नई ऊर्जा देखने को मिली। संस्था सचिव कंचन राव ने इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि

समाज के हर वर्ग को इस तरह के नेक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। नवजात शिशुओं को दिया गया स्नेह और आशीर्वाद ही हमारे समाज की वास्तविक पूंजी है। कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन की इस पहल को अस्पताल प्रशासन और परिजनों ने खूब सराहा। रामनवमी जैसे पवित्र दिन पर की गई यह सेवा न केवल मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करती है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश करती है। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, सचिव कंचन राव, संगठन मंत्री ऋषि जैन, हेमलता राव, शक्ति सक्सेना, प्रवीण शर्मा, विशाल शर्मा, रवि लोधी आदि सदस्य उपस्थित थे

